# प्रश्न बैंक

# हिन्दी

## कक्षा - 8

# पाठ 1
# नई उषा

**उचित संबंध जोड़िए –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | स्वाश्रयी | 1. | पथ |
| 2. | उपजाऊ | 2. | सान |
| 3. | कमल | 3. | धरा |
| 4. | प्रशस्त | 4. | समाज |
| 5. | विवेक | 5. | खिलना |

**नीचे दिए गए सही शब्द पर निशान लगाइए –**

6. ऊपजाउ / उपजाऊ / उपजाउ
7. स्वश्रायी / स्वाश्रयी / स्वश्रयी
8. संदेश / सन्देस / संदेस
9. आवृत्ति / आव्रति / आव्रत्ति
10. लालीमा / लालिमा / ललिमा
11. सहनुभूति / सहानुभूति / साहनुभूति

**इन पंक्तियों में जिन वर्णों की आवृत्ति बार–बार हुई है उसे रेखांकित कीजिए।**

12. ''चंदा के चाचा ने चंदा की चाची को चांदी की चम्मच से चटनी चटाई।''
13. ''पापा ने पप्पी डॉगी को प्यार से पुकारा।''
14. जब हम शंख बजाते हैं तो उसमें मुँह से हवा फूँकनी पड़ती है। उसमें से मधुर ध्वनि भी निकलती है, उस ध्वनि का हमारे आसपास के वातावरण और हमारे स्वास्थ्य पर क्या असर होता है?
15. यदि किसान नहीं होते तो क्या होता?
16. कुछ शब्द दिए जा रहे हैं, उनके अर्थ ढूँढकर अपना एक नया शब्दकोश बनाइए।
    स्वेद, धरा, उर्वरा, वसुन्धरा, प्रभात, शूल, गेह
17. ''शस्य श्यामला श्यामल–श्यामल शारद सुन्दर बनी रहे'' इनमें किस वर्ण की आवृत्ति बार–बार हो रही है। इस पंक्ति में कौन–कौन सा अलंकार है?
18. चार ऐसी पंक्तियाँ लिखिए जिसमें एक ही वर्ण की आवृत्ति बार–बार होती है।
19. समाज को स्व–आश्रित कैसे बनाया जा सकता है? लिखिए।
20. धरती को उपजाऊ कैसे बनाया जा सकता है? लिखिए।

21. यदि हम परतंत्र ही रहते तो हमारी आज क्या स्थिति होती? हमें स्वतंत्र कराने के लिए किन–किन लोगों ने योगदान दिया है? उनकी एक सूची भी बनाइए।
22. जिस तरह हम मुस्कुराते हैं उसी तरह से और कौन–कौन मुस्काता है? सूरज–चाँद मुस्काते हैं? क्या आपने इन्हें मुस्काते देखा है? यदि नहीं तो एक ऐसा चित्र बनाइए जिसमें ये मुस्कुरा रहे हैं? आसपास खूब सुन्दर फूल भी खिले मुस्कुरा रहें हैं। चिड़ियाँ, पेड़ सभी, जो आपको अच्छे लगे उन्हें मुस्कुराते हुए दिखाओ।
23. कुछ शब्द दिए जा रहे हैं इनसे आप एक सुन्दर सी मनपसंद कविता बनाइए–
कल–कल, छल–छल, सूरज, नदियाँ, तप–तप, पक्षी, स्नेह, स्वेद, मोर, छम–छम, जागो।

## प्रदत्त कार्य :–

### कविता पूरी कीजिए –

1. खिले कमल, अरुण, तरुण

   ...........................................................................................

   गगन विकास का नवीन

   ...........................................................................................

## प्रोजेक्ट :–

1. अनुप्रास अलंकार की कुछ पंक्तियों को लिखिए।
2. कक्षा में पढ़ी गई स्वदेश प्रेम की कविता की तरह अन्य कविताओं का संग्रह कीजिए।

## पोर्टफोलियो :–

1. प्रातः पाँच बजे उठकर पूर्व दिशा को देखिए। उस समय आपको क्या महसूस होता है अपने शब्दों में लिखिए।
2. एक ऐसी कहानी लिखिए जिसमें आप अपने देश के लिए छोटा–सा ही सही किन्तु अच्छा और उपयोगी काम करना चाह रहे हैं।

# पाठ 2
# कटुक वचन मत बोल

### बॉक्स में कुछ शब्द दिए गए हैं उनके सही विलोम शब्दों को नीचे देखकर लिखिए–

अंधकार, उड़ना, मौन, स्वीकार, पराया

1. अपना – ................................
2. मीठा – ................................
3. मुखर – ................................
4. प्रकाश – ................................
5. अस्वीकार – ................................

### इन अधूरी पंक्तियो को पूरी कीजिए –

6. ''मधुर वचन है औषधि,
कटुक वचन है तीर।
श्रवण ......... ......... .........
......... ......... ......... ........
7. '' कुदरत को नापसन्द है सख्ती जबान में।
......... ......... ......... ........ ......... ......... ......... ।।''

### नीचे कुछ उपसर्ग दिए गए हैं उनसे एक–एक शब्द बनाइए–

इस तरह – नि + षेध = निषेध

8. दुर् + – ....................... = .......................
9. वि + – ....................... = .......................
10. सद + – ....................... = .......................
11. परि + – ....................... = .......................
12. प्र + – ....................... = .......................

### दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो

13. मीठे बोल से हमें कौन–कौन से फायदे होते हैं? किन्ही पाँच के बारे में लिखिए।

14. कड़वे वचन शरीर में तीर के समान क्यों चुभते हैं?
15. जीभ को कोमल और दाँत को कठोर कहा गया है जबकि, दोनों का अपना–अपना महत्व है? कोमलता और कठोरता कब काम आती हैं? लिखिए।
16. लोकप्रिय बनने के लिए आप क्या–क्या काम करना चाहेंगे? सोचकर लिखिए।
17. कटु वचन/मीठें वचन से संबंधित मुहावरों की एक सूची बनाइए। किन्हीं चार का अर्थ जानकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
18. वाक् चातुरी से कटु सत्य को भी प्रिय और मधुर कैसे बनाया जा सकता है? लिखिए।
19. लुकमान ने शरीर में जीभ को ही अच्छी और उसे ही बुरी बताया इसका आशय क्या है स्पष्ट कीजिए।
20. ''बोलना भी एक कला है।'' इस पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।
21. ''कड़वी बात ने संसार में न जाने कितने झगड़े पैदा किए हैं।'' इस वाक्य पर किसी पौराणिक घटना का जिक्र कर विस्तार से बताइए।
22. दीर्घजीवी शब्द दीर्घ. जीवी दो शब्दों से मिलकर बना है। इसी प्रकार से शब्दों को मिलाकर पाँच और नए शब्द बनाइए।

**प्रोजेक्ट :–**

- रहीम और कबीर के नीतिपरक दोहों का संकलन कीजिए।
- विभिन्न नीतिपरक दोहों का अर्थ लिखिए।
-

**पोर्टफोलियो :–**

किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में अपने विचार लिखिए जो हमेशा मीठा अथवा कड़वा बोलते हैं। वे ऐसा क्यों बोलते हैं इस पर भी विचार कीजिए।

# पाठ- 3
# साहस के पैर

1. नीचे चौखाने में कुछ पर्यायवाची शब्द दिए गए हैं, इसकी सही जोड़ियाँ मिलाकर लिखिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अहंकार, | परमेश्वर, | चालाक, | खूबसूरत, | सुन्दर, | चतुर, |
| सुहावना, | होशियार, | भगवान, | ईश्वर, | दर्प, | अभिमान। |

2. निम्नलिखित शब्दों को विलोम शब्द लिखिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आधार | 2. | करुण | | |
| 3. | अनाथ | 4. | अरुचि | 5. | अपमान |

3. 'परोपकार' दो शब्दों से मिलकर बना –

पर + उपकार इसी प्रकार नीचे दिए गए शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।

1. जगदीश – ................. + .................
2. भावुक – ................. + .................
3. स्वागत – ................. + .................
4. महोदय – ................. + .................
5. विद्यार्थी – ................. + .................

4. नीचे दिए गए शब्दों में 'आहट, आम, आई, इन, इया' प्रत्यय लगाकर शब्द बनाइए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | माली | 2. | चतुर | | |
| 3. | मिठा | 4. | कड़ुवा | 5. | रसोई |

## दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

- 5. विकलांग लड़के का क्या नाम था?

6. तैमूरलंग कौन था?
7. भूगोल के मास्टर अपने साथ क्या लेकर आते हैं?
8. अचल ने गर्वीली मुस्कान के साथ क्या कहा?
9. स्टेशन पर गाड़ी रुकने पर अचल कहाँ गया था?
10. 'साहस के पैर' पाठ से आपने क्या सीखा?
11. अचल ने अपने नाम को किस प्रकार परिभाषित किया? लिखिए।
12. अचल को रात में नींद क्यों नहीं आई?

# पाठ- 4
# आतिथ्य

**वस्तुनिष्ठ :-**

**रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गए शब्दों से कीजिए –**

1. साधारण सड़क पर आदमी के लिए अकेले चलना .................... है।
   1. कठिन 2. सरल
2. किसी ने बताया कि उस कस्बे में एक हाई स्कूल है, उसके हेड मास्टर ............हैं।
   1. भले 2. बुरे
3. विपत्ति पड़ने पर कहते हैं, अक्ल ...................... है।
   1. मारी जाती 2. आ जाती
4. धर्मशाला पहुँचा तो पता लगा कि दरवाजा ........................... चुका था।
   1. बंद हो 2. खुल
5. अंधे भिखमंगे के पास लेटने का जीवन में ....................... अवसर था।
   1. पहला 2. दूसरा
6. नीचे दिए गए लोकोक्ति का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
   1. अंधो में काना राजा 2. ऊँची दुकान फीके पकवान
   3. जल में रहकर मगर से बैर 4. जो गरजते हैं, वे बरसते नहीं
   5. उल्टा चोर कोतवाल को डाँटें

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

7. धर्मशाला से आप क्या समझते हो? लिखिएं
8. अंधे ने लेखक के साथ किस प्रकार की सहानुभूति दिखलाई।
9. आतिथ्य का क्या अर्थ है? लिखिए।
10. हेड मास्टर साहब क्यों चिल्ला रहे थें?
11. लेखक क्या देखने के विचार से पैदल यात्रा कर रहे थें?
12. परिचय पत्र देखकर हेडमास्टर के विचारों में किस प्रकार परिवर्तन हुआ। अपने शब्दों में लिखिए।
13. हेडमास्टर से मिलने से पूर्व और उसके बाद में लेखक के मनोभावों में क्या परिवर्तन हुआ?
14. क्या आपने कभी पैदल यात्रा की है? उस यात्रा में आपको क्या–क्या परेशानी हुई, उसे लिखिए।
15. पुलिस के कार्यों के संबंध में आप क्या जानते हैं? लिखिए।

# पाठ- 5
# हमर छत्तीसगढ़

### इन शब्दों के सही अर्थ लिखिए–

1. गिरि ....................................
2. गर्व ....................................
3. उन्नति ....................................
4. कमनीय ....................................
5. कीर्ति ....................................

### दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

6. छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा किन–किन राज्यों की सीमा छूती है?
7. छत्तीसगढ़ की प्रमुख नदियों के नाम लिखिए।

### इन पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए–

8. कौन कहता यह पिछड़ा हुआ? अग्रसर है उन्नति की ओर।
9. हमारा छत्तीसगढ़ सुख धाम, करें सादर इसका गुणगान।

### समानोच्चारित शब्द है– उदार, अपार। नीचे लिखें शब्दों के दो–दो समानोच्चारित शब्द लिखिए –

धान, ओर, दीन

10. ''कितना सुन्दर मेरा गाँव,
    जैसे लक्ष्मीजी के पाँव।''
    इसी तरह के भाव वाली कुछ पंक्तियाँ बनाइए।
11. छत्तीसगढ़ की कुछ मिठाईयों के नाम लिखिए।
12. छत्तीसगढ़ के कुछ तीज–त्यौहारों के नाम लिखिए।
13. 'बहती नर्मदा, महानदी, सदियों से बहती आ रही नदी'
    इस पंक्ति में किस वर्तनी की आवृत्ति बार–बार हुई है। इसमें कौन–सा अलंकार है?

14. एक ही वर्ग की आवृत्ति वाली अन्य पंक्तियाँ लिखिए।
15. 'ईय' प्रत्यय लगाकर कुछ शब्द बनाइए। जैसे– वर्णन से वर्णनीय।
16. राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयाग क्यों कहा गया है?
17. रतनपुर किन कारणों से प्रसिद्ध है?
18. कवि ने छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा क्यों कहा है?
19. आप अपने क्षेत्र, राज्य के लिए ईश्वर से क्या कामनाएँ करना चाहते हैं? और क्यों
20. छत्तीसगढ़ के किसी प्राकृतिक स्थल का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**सर्वे –**

छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम किस शासक वर्ग ने राज्य किया? उनके बारे में जानकारी एकत्र कीजिए एवं पश्चात् के शासकों को क्रमवार लिखिए।

**प्रोजेक्ट –**

छत्तीसगढ़ पर लिखी अन्य कविताएँ एकत्र कीजिये। उनके रचनाकारों के नाम भी लिखिए।

छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध नदियों, नगर, पर्वत, जल प्रपात के नाम से संबंधित वर्ग पहेली बना कर अपने साथियों से पूछिइए –

**पोर्टफोलियो –**

छत्तीसगढ़ पर कोई सुन्दर–सी कविता लिखिए।

छत्तीसगढ़ राज्य एक विकासशील राज्य है। आप और कौन–कौन सी तरक्की अपने इस प्रदेश में देखना चाहते हैं? लिखिए।

# पाठ- 6
# भारत के गौरव राममूर्ति

**नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं उनमें से सही पर (✓) और गलत पर (×) का निशान लगायें।**

1. राममूर्ति के पिता पोस्टमास्टर थे।
2. राममूर्ति बचपन में खूब तंदरुस्त बालक थे।
3. राममूर्ति मांस, मछली, शराब आदि से कोसों दूर रहते थे।
4. राममूर्ति इस छल–छद्म के अभ्यासी थे।
5. सैंडो नामक यूरोपीय पहलवान को राममूर्ति की ताकत देख कँपकँपी आ गई।
6. राममूर्ति ज्ञानवान और विवकेशील व्यक्ति थे।

**इनके लिए कोई एक शब्द लिखिए –**

7. ईश्वर में विश्वास करने वाला। ..........आस्तिक..........
8. सोच विचार में डूब जाना। ......................................
9. जिसका शरीर, डील डौल सुंदर हो। ......................................
10. सभी गुणों से भरा हुआ। ......................................
11. जिस पर विश्वास किया जा सके। ......................................
12. जिसके बिना कार्य न हो सके। ......................................
13. जैसे आसान में 'ई' प्रत्यय लगाने से वह 'आसानी' हो जाता है। वैसे ही 'ई' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए।
14. नीचे कुछ शब्द दिए जा रहे हैं उनके पर्यायवाची लिखिए–
    दीप, घोड़ा, घर, हाथी, शाणित, गाड़ी
15. इन सामासिक शब्दों का विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए–

| | | |
|---|---|---|
| मोटी–तगड़ी | .................................. | .................................. |
| लोकप्रियता | .................................. | .................................. |
| नवरात्र | .................................. | .................................. |
| प्रतिदिन | .................................. | .................................. |
| रसोईघर | .................................. | .................................. |

16. उन यूरोपीय देशों के नाम लिखिए जहाँ राममूर्ति ने अपनी वीरता का परचम लहराया।
17. कुछ शब्द दिए जा रहे हैं उन्हें शब्दकोश में ढूँढ़कर उनका अर्थ लिखिए और अपनी बातचीत में उनका उपयोग कीजिए–

    गौरव, संकल्प, अलौकिक, सर्वश्रेष्ठ, करतब, अबोध,
    परिचर्या, रुग्ण, प्रतिज्ञा, चुनौती, परास्त, अभ्यासी।
18. चेहरा पीला पड़ना, डंका बजाना, छक्के छुड़ाना इन मुहावरों का अर्थ जानिए तथा वाक्यों में प्रयोग कीजिए–
19. कुछ लोगों ने राममूर्ति की प्रसिद्धि से चिढ़कर उनसे विश्वासघात किया। क्या यह अच्छी बात है कि, हम दूसरों के यश, कीर्ति से चिढ़ें?
20. यदि आपका कोई साथी कक्षा में हमेशा अव्वल आता है, खेल के मैदान में भी हमेशा आगे रहता है तो क्या आप उससे चिढ़ेंगे? यदि नहीं तो आप क्या करेंगे?
21. क्या आपने कभी कुश्ती के खेल के बारे में जाना है। यदि हाँ तो अपने अनुभव लिखिए।
22. ऐसा कोई खेल जो आपको बहुत अच्छा लगता है उसके बारे में विस्तार से लिखिए।
23. क्या आपने 'लेझिम डम्बल्स' का नाम सुना है? इसके कोई पाँच व्यायाम लिखिए।
24. अपने देश के कुछ धावकों के नाम लिखिए।

**प्रोजेक्ट :–**

1. अपने देश के शीर्षस्थ खिलाड़ियों की स्क्रैप बुक तैयार कीजिए।
2. शब्दकोश से खेल व खिलाड़ी पर नए शब्द ढूँढ़कर लिखिए।

# पाठ- 7
# पचराही

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

### सही विकल्प के ऊपर सही का चिन्ह लगाइए ।

1. 'पचराही' कहाँ स्थित है ?

(अ) बेमेतरा जिले में (ब) राजनांदगाँव जिले में

(स) रायपुर जिले में (द) कबीरधाम जिले में

2. पचराही स्थित है–

(अ) शिवनाथ नदी के किनारे (ब) सुरही किनारे

(स) महानदी के किनारे (द) हॉप नदी के किनारे

3. 'पचराही' में खुदाई का काम कौन–सा विभाग करवा रहा है ?

(अ) लोक निर्माण (ब) पंचायत एवं समाज कल्याण

(स) संस्कृति एवं पुरातत्व (द) मानव संसाधन

4. पचराही में पार्वती और कार्तिक की मूर्तियाँ किस काल की हैं ?

(अ) चंद्रवंशी (ब) सोमवंशी

(स) अग्निवंशी (द) रघुवंशी

5. पचराही की मूर्तियाँ और मंदिर इनमें से किससे संबद्ध नहीं हैं–

(अ) वैष्णव (ब) जैन

(स) शाक्त (द) बौद्ध

6. निम्नलिखित हिन्दी शब्दों के लिए छत्तीसगढ़ी शब्द लिखिए–

1. कदर 2. मंझोत

3. वैपारिक 4. कोरा 5. अगास दिया

### दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1. पचराही गाँव से पाँच रास्ते किन–किन स्थानों को जाते थे?
2. पचराही की मूर्तियों और मंदिरों का निर्माण कार्य कब से कब तक का है?
3. पचराही से प्राप्त जीवाश्म किन जीवों के हैं?
4. पचराही में मिले सोने–चाँदी के सिक्के कौन–कौन से राजाओं से संबंधित हैं?
5. बच्चों के खिलौने पचराही में कहाँ प्राप्त हुए हैं? खिलौने के साथ–साथ और कौन–सी चीजें मिली हैं?

6. छत्तीसगढ़ में पुरातात्विक महत्व के अन्य कौन–कौन से स्थान है? सूची बनाइए।
7. पचराही में मिली मूर्तियाँ और मंदिरों का क्या महत्व है?
8. मूर्ति, मंदिर, सिक्के और अन्य सामाग्रियोंसे इतिहास की जानकारी हम कैसे प्राप्त कर सकते हैं?
9. ऐतिहासिक स्थलों की खुदाई करने वाला कौन–सा विभाग है? वर्तमान में इसके विभागीय मंत्री कौन हैं?
10. कबीर धाम जिले में ही पुरातात्विक महत्व का अन्य स्थल कौन सा है? इसके बारे में लिखिए।
11. पुरातात्विक महत्व के स्थलों के संरक्षण के लिए हमें क्या करना चाहिए?
12. 'पचराही का पुरातात्विक महत्व' इस विषय पर एक लघु निबंध लिखिए।
13. 'पुरातात्विक स्थलों का संरक्षण कठिनाइयाँ और कर्तव्य' इस विषय पर एक लेख लिखिए।

**प्रोजेक्ट :–**

1. हमारे दर्शनीय स्थलों की एक सूची बनाइए और उनमें से केवल पचराही पर लगभग 150 शब्दों में जानकारी दीजिए।
2. छत्तीसगढ़ के मानचित्र पर छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित कीजिए।
3. किसी पुरातात्विक महत्व के पर्यटन–स्थल पर जाएँ तो आप क्या–क्या सावधानियाँ रखेंगे? आप किस तरह की जानकारियाँ जुटाना चाहेंगे?

# पाठ- 8
# मिनी महात्मा

**खाली स्थानों की पूर्ति के लिए सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए –**

1. 'इया' प्रत्यय जुड़कर बना शब्द है –

1. चपातियाँ  2. गाड़ी
3. गाड़ीवाला  4. बलवान

2. 'कुत्ते की पूँछ टेढ़ी' एक लोकोक्ति है। इसका अर्थ है–

1. हमेशा सीधा रहने वाला  2. कभी न सुधरने वाला
3. कुत्ते की तरह भौंकने वाला  4. कुत्ते की तरह सोने वाला

स्कूल की घंटी <u>बजी</u>। मंदिर में घंटा <u>बजा</u>। (बजा / बजी)

**इसी तरह नीचे के वाक्यों में भरिए –**

1. हमने गाँधी जयंती .................... । बच्चों ने बाल दिवस .................... । (मनाई / मनाया)
2. शिक्षिका ने झंडा .................... । अध्यापक ने झंडी .................... । (फहराई / फहराया)
3. मिनी ने खाना .................... । राहुल ने मिठाई .................... । (खाई / खाया)
4. इनमें से सही शब्द नहीं है–

1. चंदन  2. बांध
3. वंदन  4. झंडा

5. इनमें से 'आत्मा' शब्द किसमें नहीं जुड़ा है –

1. महात्मा  2. पुण्यात्मा
3. धर्मात्मा  4. आमदनी

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न –**

**सही विकल्प पर सही का निशान लगाइए।**

1. 'चाँद' शब्द की तरह चंद्रबिन्दु ( ँ ) लगा हुआ शब्द है–

1. काँपना  2. कंपन
3. डंका  4. जयंती

2. 'जा, जा कुछ नहीं हुआ। कर ले जो कुछ करना है।' गबरूदास ने कहा। इस कथन में भाव है–
   1. घमंड  2. घृणा
   3. क्रोध  4. लापरवाही
3. 'ईमानदार' से भाववाचक संज्ञा बनी है, 'ईमानदारी'। इस शब्द में प्रत्यय है –
   1. आईन  2. नी
   3. ई  4. वान
4. रानी ने अपने घर को नीले रंग से रंगवाया।
   1. रंग लाना  2. पुताई
   3. रंगना  4. उखाड़ना
5. 'मान भी जाओ मेरे बेटो।' इसमें कौन–सा भाव छिपा है–
   1. क्रोध  2. वात्सल्य
   3. घृणा  4. लापरवाही
6. 'तिल का ताड़ राई का पहाड़।' इस मुहावरे का वाक्य में सही प्रयोग है।

दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

7. कुत्ते की पूँछ 'टेढ़ी–की टेढ़ी' एक लोकोक्ति है। इसका अर्थ है कभी न सुधरने वाला। ऐसी ही दो और लोकोक्तियाँ एवं उनके अर्थ लिखिए।
8. महात्मा गांधी जी ने विरोध प्रदर्शन के लिए कौन–सा मार्ग सुझाया था और क्यों?
9. पुलिस अंकल को अपनी गलती स्वीकार क्यों करना पड़ा?
10. विरोध प्रदर्शन के दो तरीके हो सकते हैं– एक लड़ाई–झगड़ा करके, दूसरा शांति से। आपको दोनों तरीकों में से कौन–सा उचित लगता है और क्यों?

# पाठ- 9
# अब्राहम लिंकन का पत्र

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न –

1. इनमें से शुद्ध रूप है –

   1. मूसिबत 2. मूसीबत 3. मुसिबत 4. मुसीबत

2. 'जीत' शब्द का विलोम शब्द है –

   1. खुशी 2. अधिक 3. पक्का 4. हार

3. यदि 'मेहनत' से भाववाचक संज्ञा बनती है 'मेहनती' तो 'ईमानदार' से भाववाचक संज्ञा है –

   1. सहशीलता 2. बेईमानी 3. ईमानदारी 4. निकम्मापन

4. 'अल्प' शब्द में 'ज्ञ' प्रत्यय लगा देने से शब्द बनता है 'अल्पज्ञ' इसका अर्थ है –

   1. कम 2. कम खाने वाला 3. कम जानने वाला 4. कम पाने वाला

5. नीचे लिखे वाक्यों का पूरा कीजिए –

   तो इसमें कोई .................. की बात नहीं है।

   1. गर्म 2. नर्म 3. शर्म 4. गलत

6. हमें चापलूसों से हमेशा दूर क्यों रहना चाहिए?
7. कहा जाता है कि 'हमें अपनी आत्मा और ईमान को कभी नहीं बेचना चाहिए' इसका क्या मतलब है?
8. 'नकल करके पास होने की बजाय फेल होना बेहतर होता है।' क्या यह बात सही है? अगर हाँ तो कैसे?
9. आप अपनी परीक्षा पास करने के लिए कैसी–कैसी तैयारियाँ करते हैं? कितनी मेहनत करते हैं? लिखिए।
10. 'भेड़चाल' का क्या अर्थ है? 'भेड़चाल से अलग हटकर चलना बड़ी हिम्मत का काम होता है', इसका क्या मतलब है।
11. अपने छोटे–भाई को एक पत्र लिखिए उसमें उसे जीवन में प्रेरणा देने वाली बातों का जिक्र कीजिए।

## प्रदत्त कार्य –

12. गाँधी जी, नेहरू जी आदि महान पुरुषों के पत्रों का संकलन कीजिए।

## पोर्टफोलियो –

13. महापुरुषों के द्वारा कही गयी उत्तम सूक्तियों को एकत्र कर अपनी फाइल में रखिए।

# पाठ- 10
# चिड़िया

## वस्तुनिष्ठ :-

### निम्नांकित पंक्तियों में छूटे हुए शब्दों को 'चिड़िया' पाठ के आधार पर सही शब्द लिखकर पूरा करो।

(अ) तुम्हें ज्ञात अपनी बोली में
................ संदेश सुनाती है।

(आ) वह जग के बंदी मानव को
................ बतलाती है।

(इ) उनके मन में लोभ नहीं है
................ नहीं, परवाह नहीं।

(ई) हम स्वच्छंद और तुमने
डाली है ................ पग में।

(उ) ओ मानव तुम मानवता से
................ भावना को छोड़ो।

### निम्नांकित शब्दों के सही शब्दार्थ चुनकर लिखिए-

1. ज्ञात
   (अ) रात (ब) जाना गया/जिसके विषय में जानते हैं।
   (स) गणित का प्रश्न (द) पता नहीं
2. मुक्ति
   (अ) आजादी (ब) गुलामी (स) बंधन (द) मुखिया
3. कपोत
   (अ) हिरण (ब) कबूतर (स) कौवा (द) तोता
4. कोकिल
   (अ) पक्षी (ब) कोयल (स) कोयला (द) किलकिला
5. सीमा–हीन
   (अ) जिसकी सीमा न हो (ब) जिसकी सीमाएँ हो
   (स) जिसकी माँ न हो (द) जिसकी सीमा अच्छी न हो
6. विचरण
   (अ) घूमना–फिरना (ब) दौड़ लगाना (स) बाँटना (द) चरना
7. निर्भय
   (अ) बिना डर के (ब) डर से भरा (स) वचन निभाना (द) भयानक

8. द्रोह भावना है–
   (अ) सबसे लड़ाई (ब) अपनो के द्वारा किया गया तीव्र विरोध
   (स) गहरी गुफा (द) देश के प्रति की गई दुश्मनी
9. बंदी
   (अ) एक मिठाई (ब) कैद (स) फकूंद (द) एक फूल
10. काक
   (अ) कौवा (ब) मैना (स) कोयल (द) कुत्ता
11. शुक
   (अ) मैना (ब) तोता (स) कबूतर (द) कोयल

## निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1. चिड़िया हमें क्या सिखाती है? वह हमें क्या बताती है?
2. कविता में आए पक्षियों के नाम लिखकर बताइए कि वे कहाँ रहते हैं?
3. पक्षियों की क्या–क्या विशेषताएँ कविता में बताई गई हैं?
4. मानव से पक्षी क्या कहते हैं?
5. कविता में मानव के पग में बेड़ियों की बात कहीं गई है। वे कौन सही बेड़ियाँ हो सकती हैं?
6. मनुष्य के प्रति मनुष्य का द्रोह किस प्रकार का है?
7. औरों की कमाई से अपना घर कौन भरता है, और कैसे? स्पष्ट कीजिए।
8. 'सोने की कड़ियाँ' कहकर कवि ने किस ओर संकेत किया है?
9. पक्षी की तरह तुम्हारें भी पंख लग जाएँ तो आप क्या करेंगे?
10. मनुष्य और पक्षी की प्रवृत्तियों में कोई पाँच अंतर बताइए।
11. निम्नांकित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कर इस तरह लिखिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाएँ–
    1. मुक्ति 2. द्रोह
    3. प्रेम 4. मानवता 5. सीमाहीन
12. मनुष्य को बंदी और बेड़ियों में जकड़ा हुआ बताने का आशय क्या है? चिड़िया पाठ के संदर्भ में अपना उत्तर लिखिए।

13. मनुष्य और पक्षियों में (चिड़िया पाठ में) बेहतर किसे बताया गया है? उन प्रवृत्तियों सहित मनुष्य और चिड़िया की तुलना कीजिए।

14. अगर मैं चिड़िया होता! इस विषय पर एक निबंध लिखिए।

15. इन विषयों पर टिप्पणी लिखिए –

(अ) मुक्ति मंत्र

(ब) सीमाहीन गगन

(स) मानवता

(द) हमारी बेड़ियाँ

# पाठ- 11
# कुटुंबसर एवं अन्य गुफाएँ

1. 'आवागमन' का अर्थ –
   क. खाना–खाना  ख. जाना–आना
   ग. आना–जाना  घ. पाना–खोना
2. 'निराहार' शब्द का संधि विग्रह –
   क. निः आहार  ख. नि् हार
   ग. निर् आहार  घ. नि् अहार
3. 'हस्तलिखित' शब्द समास है –
   क. कर्मधारय  ख. द्विगु समास
   ग. द्वन्द्व समास  घ. तत्पुरूष
4. 'अपमान' शब्द में उपसर्ग शब्द–
   क. आप  ख. अप
   ग. अमान  घ. अम
5. 'नमकीन' शब्द में प्रत्यय–
   क. ईन  ख. कीन
   ग. नम  घ. नाम
6. 'गेहूँ के साथ घुन भी पिसता है' लोकोक्ति का अर्थ है –
   क. निर्दोष के साथ दोषी पर आरोप लगाया जाता है
   ख. दोषी को सजा दी जाती है
   ग. दोषी के साथ निर्दोष भी मारा जाता है
   घ. निर्दोष को बचाया जाता है
7. 'परिश्रमी' शब्द विशेषण है –
   क. सार्वनामिक  ख. गुणवाचक
   ग. परिमाणवाचक  घ. संख्यावाचक
8. किन्हीं पाँच नदियों के नाम लिखिए?
9. बस्तर जिले में कुटंबसर की गुफा, अपनी विचित्रता के लिए प्रसिद्ध है। इस तरह की अन्य गुफाओं के बारे में लिखिए, जिसे आप जानते हैं।
10. पत्थर से बने हुए हथियार को क्या कहते हैं?

11. गुफा किसे कहते हैं? आप गुफा के बारे में क्या जानते हैं? लिखिए।
12. कौन–कौन से ऐसे हथियार हैं, जिनकी पूजा की जाती है? लिखिए।
13. आप अपने परिवार के साथ कहाँ घूमने जाना चाहते हैं? उसके संबंध में लिखिए कि आपने उस स्थान को क्यों चुना?
14. किन्हीं दो झीलों के नाम लिखिए?
15. नीचे डिब्बों में स्थान, नदी, पहाड़ के नाम दिए गए हैं, खोजकर लिखिए।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | दा | न | द | व | ल्तमा | पु |
| गो | ग | प | री | र | ल | ड़ |

**प्रदत्त कार्य –**

पाँच दर्शनीय स्थलों के नाम लिखिए ?

**सर्वे कार्य –**

- नदी के नामों की सूची बनाइए?
- महाभारत में युद्ध किसके–किसके बीच हुआ था?

**पोर्टफोलियो –**

- पहाड़ एवं नदी का चित्र बनाकर अपने पोर्टफोलियो में चिपकाइए?

# पाठ- 12
## प्रवास

**वस्तुनिष्ठ :-**

1. नीचे दिए गए शब्दों में उपसर्ग जोड़कर नया शब्द बनाइए –

| | उपसर्ग | शब्द | | उपसर्ग | शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ति | डर | 2. | नि | माही |
| 3. | अप | पूत | 4. | ला | यश |
| 5. | स | पता | | | |

2. नीचे दिए गए मुहावरे के उपर्युक्त अर्थ में सही का चिन्ह लगाइए–
अपने पैरों पर खड़ा होना –
   1. स्वावलंबी होना  2. मेहनती होना
   3. परिश्रमी होना  4. सीधा खड़े होना

3. नीचे के चौखाने में दस शब्द और उनके विलोम शब्द दिए गए हैं। इसकी जोड़ियाँ बनाकर लिखिए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंधकार | कठिन | चलना | सुलभ | पराया |
| अपना | रुकना | सरल | प्रकाश | दुर्लभ |

**नीचे दिए गए वाक्यों में सही गलत का चिन्ह लगाइए ।**

4. रोजी पेस्टर, जो मध्य एशिया में अंडे देती है, भारत से मई में चली जाती है।
5. कुछ चिड़ियाँ अभ्यास करना और झुंड बनाकर उड़ना सीखना शुरू कर देती है।
6. चिड़ियों का पथ प्रदर्शन मुख्य रूप से सूरज और तारे नहीं करते।
7. अनेक छोटी चिड़ियाँ सब काम दिन में करती हैं। प्रवास रात में करना पसंद नहीं करती हैं।
8. भारत में बहुत सी ऐसी चिड़ियाँ भी मिलती हैं जिनके पाँवों में विदेशों के छल्ले होते हैं।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

1. मार्ग निर्धारित करने के लिए प्रवासी पक्षी किसकी सहायता लेते हैं?
2. अधिकांश प्रवासी चिड़ियाँ अपना जाड़ा काटने के लिए कहाँ आती है?
3. नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी, मुंबई को सूचनाएँ दें, कहाँ लिखा होता है?
4. चिड़ियों को यात्रा के दौरान किन–किन बातों का खतरा रहता है? लिखिए।
5. क्या आपने किसी उड़ते हुए पक्षी को देखा है? उसे देखकर आपके मन में क्या विचार आता है लिखिए।
6. प्रवासी चिड़ियाँ लंबी यात्रा पर प्रस्थान करने के लिए क्या–क्या तैयारी करती हैं और क्यों?

# पाठ- 13
# एक साँस आजादी के (छत्तीसगढ़ी पाठ)

कुछ हिन्दी के शब्द दिए जा रहे हैं उन्हें छत्तीसगढ़ी में क्या कहते हैं? छत्तीसगढ़ी शब्दों को देखिए और सही जोड़े बनाइए –

| क्र. | हिन्दी शब्द | छत्तीसगढ़ी शब्द |
|---|---|---|
| 1. | उठ जाते हैं | उसलथे |
| 2. | तनिक भी | सोनहा |
| 3. | पैर | गोड़ |
| 4. | पहचान | माढ़े |
| 5. | प्रणाम करें | एकोकनी |
| 6. | सुनहरा | चिन्हारी |
| 7. | रखा हुआ | घोलंड के |
| 8. | लोट करके | जोहारे |

- 'जेकर चेथी म जूड़ा कस माड़े रथे गुलामी'

  इस वाक्य में 'जूड़ा कस', में 'कस' शब्द जुड़ा है।

  आप भी उस शब्द को जोड़कर कोई चार वाक्य बनाइए।
- पढ़कर कविता की सही पंक्ति पर सही का निशान लगाइए –

1. 'जेकर चेथी म जूड़ा कस माढ़े रथे गुलामी'

   जेकर हाड़ा म, जुड़ा कस माढ़े रथे गुलामी
2. लहू के नदिया तउँर निकलथे, तीर ह जतके बेरा

   गोड़ के नदियां तउँर निकलथे, बीर हा जतके बेरा
3. जेला नइ हे आजादी के एकोकनी चिन्हारी

   तोला नइ हे आजादी के एकोकनी चिन्हारी
4. माढ़े पानी ह नइ गावय खलबल–खलबल गाना

   गाढ़े पानी ह नइ गावय खलबल–खलबल गाना
5. जीयत–जागत मनखे बर जे धरम बरोबर होथे

   जागत–जागत मनखे बर जे धरम बरोबर होथे

**इन छत्तीसगढ़ी शब्दों के भूतकाल और भविष्यकाल रूप लिखिए –**

| | भूतकाल | भविष्यकाल | | भूतकाल | भविष्यकाल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाथ | ........................ | 2. | जाथे | ........................ |
| 3. | खाथे | ........................ | 4. | पीथे | ........................ |
| 5. | रइथे | ........................ | 6. | करथे | ........................ |

- पिंजरे में बंद सुआ (तोता) ऊपर एक छोटी कविता बनाइए।
- लइका, परानी, मनखे, चिरइ, कवि आदि के बहुवचन बनावव अऊ ओखर वाक्य म प्रयोग करव।

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

1. आजादी की एक साँस सौ जन्मों के बराबर कैसे होती है? अपना उत्तर छत्तीसगढ़ी अथवा हिन्दी में लिखिए।
2. संसार में किस मनुष्य की बदनामी होती है? अपना उत्तर छत्तीसगढ़ी अथवा हिन्दी में लिखिए।
3. अंधियार ह अपन डेरा ल सकेलन लागथे। इस पंक्ति में (अंधेरा अपना डेरा–डंडा उठाने लगता है अंधेरा खत्म होने लगता है) कैसा भाव है?
4. क्या आपको आजादी पसंद है? आप आजादी का क्या मतलब समझते हैं? वास्तव में आजादी का क्या अर्थ है? इस पर एक सुन्दर निबंध लिखिए।
5. यदि आपको पिंजरे में बंद कर दिया जाए तो आप कैसा महसूस करेंगे? क्या गगन में उड़ने वाली पक्षियों को पिंजरे में बंद करना चाहिए? यदि नहीं तो क्यों? इस पर अपने विचार लिखिए।

17. 'स्वदेश–प्रेम' पर एक कविता बनाइए।
18. 'भारत माता तैं महतारी' इस कविता को अपने अनुसार पूरा कीजिए।

**प्रोजेक्ट कार्य –**

1. डॉ. जीवन यदु के जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण बातों को जानकर लिखिए।
2. डॉ.यदु की अन्य कविताओं को एकत्र कीजिए।
3. छत्तीसगढ़ के उन रचनाकारों की कविताए/कहानी एकत्रित कीजिए जो आपको अच्छी लगती हों।
4. छत्तीसगढ़ के किसी लोकगीत को लिखिए, याद कीजिए व कक्षा में भी सुनाइए।
5. सड़क पर सारा यातायात ठप्प हो गया।' यह वाक्य है–

   सूचनात्मक वाक्य      निषेधार्थक वाक्य

   इच्छार्थक वाक्य      संदेहार्थक वाक्य

# पाठ- 14
# मनुज को खोज निकालो

**सही जोड़ी बनाइए –**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मनुज | प्रणाम करें |
| 2. | ओर | सुनहरा |
| 3. | यथनिका | घमंड |
| 4. | उदार | परदा |
| 5. | अहंकार | मानवता |

- **नीचे कुछ पर्यायवाची दिए जा रहे हैं उनमें से कोई एक गलत है उसे ढूंढकर अलग कीजिए–**

6. अपूर्व, अनोखा, अद्भुत, बहुमूल्य
7. आँख, नेत्र, अंशु, नयन
8. मानव, नर, मुनि, मनुज
9. पृथ्वी, अवनि, अमिय, भू
10. राजा, शशांक, नृप, भूपाल

- कुछ समानोच्चारित शब्द दिए गए हैं इनका अर्थ लिखिए–

11. चीता / चिता,
12. राज / राजा,
13. भव / भाव
14. जन / जान
15. रिक्त / रीत
16. कवि रुढ़ि रीतिगत विश्वासों को क्यों मिटा देना चाहता है? लिखिए।
17. आपकी दृष्टि में सच्चे मनुष्य की कौन–कौन सी विशेषताएं होनी चाहिए? किन्हीं चार को लिखिए।
18. जिस प्रकार फूलों की विशेषता उनकी खूशबू और सुन्दरता होती है। गुड़ की विशेषता मीठा तो हमारी विशेषता मानव होने के नाते क्या–क्या होनी चाहिए? अपने विचार लिखिए।

14. 'धर्म' का अर्थ होता है 'धारण करने योग्य' जो सबके हित में हो। आप इस बारे में क्या सोचते हैं? धर्म के नाम पर झगड़ना क्या अच्छी बात है? अपने विचारों को संक्षेप में लिखिए।
15. 'मनुष्य' खंड–खंड में बँटा है' इसका क्या अर्थ है? लिखिए।
16. क्या हमारी सारी पुरानी रीतियाँ/परम्पराएँ गलत हैं? यदि हाँ तो इनके बारे में सूची बनाइए। यदि नहीं तो इनके बारे में बताइए कि, किन विश्वासों/परम्पराओं से हमारा भला हुआ है? सोचिए और लिखिए।
17. क्या आपने किसी जरूरतमंद की मदद की है? आपको उस वक्त कैसा महसूस हुआ होगा? अपने शब्दों में लिखिए।
18. कविता में सच्चे मनुष्य को खोज निकालने की बात कही गई है। एक सच्चे मनुष्य की आपकी कल्पना क्या है?
19. अगर आप मनुष्य न होते तो क्या बनना पसंद करते?
20. हाथ बढ़ाकर इन्हें उठालो

    ..........................................................................

ऊपर दी गई कविता की पंक्ति को अपने अनुसार पूरी कीजिए आप इसे इच्छानुसार बना सकते हैं।

**प्रोजेक्ट–**

1. मदर टेरेसा का चित्र चिपकाइए।
   उनके जीवन से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण तस्वीरों को एकत्र कीजिए। तथा उन पर अपने विचारों को लिखिए।
2. कुछ ऐसे शब्दों को ढूँढकर लिखिए जो लगते एक से हैं किन्तु उनका अर्थ भिन्न होता है।
   जैसे – पिता और पीता
3. जिस प्रकार गंदे पानी को शुद्ध करने के लिए फिल्टर आदि का प्रयोग करते हैं। समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने के लिए हम क्या–क्या कर सकते हैं। इस विषय पर अच्छा–सा शीर्षक देकर एक निबंध/लेख लिखिए।

# पाठ- 15
# नेता नहीं नागरिक चाहिए

1. नीचे लिखे शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–
   1. जरूरत
   2. हिदायत
   3. हलाकान
   4. लिबास
   5. जालिम

2. नीचे दिए गए वाक्यों में से 'क्रिया' शब्दों को छाँटकर लिखिए–
   1. हलवाई ने मिठाई बनवाई।
   2. छात्र पढ़ रहे हैं।
   3. खरगोश सो गया।
   4. पिताजी पत्र लिख रहे हैं।

3. नीचे दिए गए वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए–
   1. जिसके मन में कपट हो –
   2. अनुकण करने योग्य –
   3. जो पहले किसी पर रह चुका हो –
   4. मधुर भाषण करने वाला –
   5. राजनीति से संबंध रखने वाला –

4. नीचे कुछ अशुद्ध वाक्य दिए गए हैं ? उन्हें शुद्ध रूप में लिखिए–
   1. मैं प्रातः काल के समय प्राणायाम करता हूँ।
   2. गांधीजी पक्के ईश्वर के भक्त थे।
   3. तुम तुम्हारे घर जाओ।
   4. दिनेश का काटकर आम दो।
   5. पेड में चिंड़िया बैठी है।

5. नीचे दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–
   1. अगर–मगर करना
   2. उँगली उठाना
   3. खून का घूँट पीकर रह जाना
   4. तलवे चाटना

## नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. जनता नेता किसे मानती है?
2. आज नेता बनने की तैयारी में कौन–कौन आगे हैं?
3. सारी दुनिया कैसे व्यक्ति की खोज में है?
4. सारा संसार किस अभिलाषा का शिकार हो रहा है?
5. पुस्तक–विक्रेता किसके जरिए अपनी किताब की बिक्री बढ़ाना चाहता है ?
6. आपके पास दो विकल्प हैं, पहला 'नेता' बनने का, दूसरा 'योग्य नागरिक' बनने का; आप क्या बनना चाहेंगे?
7. आज समाज को कैसे लोगों की आवश्यकता है?
8. समाज को सुधारने के लिए आपकी क्या भूमिका होगी? लिखिए।
9. समाज में कौन–सी कुरीतियाँ हैं, जिनसे आपकी नाराजगी है।
10. यदि आप नेता होते, तो क्या–क्या कार्य करते, जो समाज की उन्नति में सहायक होता।

# पाठ- 16
# अपन चीज के पीरा

नीचे कुछ छत्तीसगढ़ी शब्द दिए गए हैं उसके सामने हिन्दी में अर्थ हैं। सही अर्थ ढूँढकर लिखिए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हुमेले बर | = | प्रवेश करना | |
| 2. | अटलेही मारना | = | सींग मारने के लिए | |
| 3. | घुसरना | = | अवगुण | |
| 4. | अपगुन | = | उल्लंघन करना | |
| 5. | कोठार | = | बांस / खपच्ची से बनाया गया दरवाजा | |
| 6. | राचर | = | खलिहान | |

## सही उत्तर चुनिए–

1. कहानी में परसराम का स्वभाव कैसा बताया गया? भला या घमंडी ।
2. परसराम की पत्नी का नाम था दसरी या बखरी?
3. गोदावरी थी परसराम की गाय या बकरी?
4. रुपऊ था परसराम का दोस्त या बेटा?
5. 'बातिक–बात' का अर्थ है बहस होना या प्रातः काल का हल्का अंधेरा?
6. अँगरा का अर्थ है आँगन या अंगारा?
7. गाँव वालों ने परसराम को दण्ड दिया अथवा माफ किया?

## दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. इन मुहावरों का अर्थ समझकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

   – 'पइधे गाय, कछार जाय'

   – 'अपन करनी अपन हाथ'
2. पाठ में कुछ शब्द आए हैं– छिल–छिल / फुगुन–फुगुन ऐसे ही कुछ अन्य शब्दों को ढूँढकर उनका अर्थ लिखिए।

3. चार छत्तीसगढ़ी हाना (कहावतों) को लिखिए और उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
4. 'च' प्रत्यय जोड़ के नवाँ शब्द बनावव–
   अलगे, काली, मनखे, मोर, खेत, सबो
5. अपन दाई–ददा के आदत ल देखके रमेसर के जी ह काबर पिराय?
6. रमेसर ह अपन मां–बाप के आदत ल सुधारे बर जेन उदिम करिस, ओहा का सही हे?
7. ए कहानी के सीख ल अपन भाखा म लिखव।
8. रमेसर के जगह आप मन होतेव त का करतेव?

**प्रोजेक्ट कार्य–**

1. छत्तीसगढ़ी प्रदेश में बहुत–बहुत सुन्दर–सुन्दर कहानियाँ छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखी गई हैं उन्हें एकत्र करें।
2. छत्तीसगढ़ी रचनाकारों के नामों की सूची बनाएँ।
3. छत्तीसगढ़ी कविताओं का संग्रह करें।

**पोर्टफोलियों–**

1. छत्तीसगढ़ी भाषा म कहानी लिखे बर जतन करव अउ अपन संगवारी मन ला सुनावव।

# पाठ- 17
# दीदी की डायरी

**वस्तुनिष्ठप्रश्न –**

1. अपने से जुड़ी रोज की घटनाओं को लिखना क्या कहलाता है–
   (अ) पत्र–लेखन (ब) जरूरी–लेखन
   (स) कथा–लेखन (द) संस्मरण लेखन
2. डायरी में घटनाक्रम का पता लगे इसलिए जरूरी है–
   (अ) तिथि का उल्लेख (ब) अच्छी भाषा
   (स) विस्तार से लिखना (द) संक्षेप में लिखना
3. डायरी लेखन से लिखने वाले के बारे में यह पता नहीं लगता–
   (अ) उसके प्रतिदिन के कामों का (ब) उसकी रुचियों का
   (स) उसकी मनोवृत्तियों का (द) उसकी शिक्षा संबंधी योग्यता का
4. एक छोटा सा प्रसंग जिसे पढ़ने/सुनने पर हँसी आए क्या कहलाता है–
   (अ) डायरी (ब) कथा (स) चुटकुला (द) नाटक
5. 'हाथ पीले करना' मुहावरे का अर्थ है–
   (अ) पीलिया होना (ब) पीला रंग हाथों में लगाना
   (स) विवाह करना (द) होली खेलना
6. शकुन–अपशकुन क्या होता है? क्या इसके सच होने पर आप सहमत हैं?
7. अंध–विश्वास क्या है? तुम्हारे आस–पास किस तरह के अंधविश्वास फैले हैं, एक सूची बनाइए?
8. कौन–कौन से प्रसिद्ध व्यक्ति डायरी लिखते थे/हैं। किन्हीं पाँच के नाम लिखिए।
9. डायरियों से ही आत्म–कथाएँ बनती हैं। आप किन्हीं 2 व्यक्तियों की आत्मकथाओं के नाम लिखिए।
10. इस सप्ताह में प्रतिदिन आपने क्या किया? क्या–क्या घटनाएँ आपके साथ घटीं? सभी गतिविधियों को तिथिवार याद कर लिखिए। तुम्हारे साथ जो भी अच्छा–बुरा हो आपके अच्छे काम या तुमसे हुई भूलों/गलतियों का भी उसमें उल्लेख हो।
11. 'सत्य के मेरे प्रयोग', 'मीन काम्फ', 'अग्नि की उड़ान' किन प्रसिद्ध व्यक्तियों की आत्मकथाएँ हैं।
12. कल दिन भर की घटनाओं को डायरी के रूप में लिखिए।
13. डायरी लिखने के लाभ क्या हैं? इससे क्या कोई हानि भी हो सकती है? 'डायरी लेखन' शीर्षक देते हुए एक आलेख में ऊपर दिए गए प्रश्नों के हल सहित अन्य विचारों को लिखिए।

# पाठ- 18
## ब्रज माधुरी

**वस्तुनिष्ठप्रश्न –**

1. पद्माकर किस भाषा के कवि थे ?
   (अ) अवधी (ब) ब्रज (स) बुंदेलखंडी (द) छत्तीसगढ़ी
2. हिन्दी में ब्रज भाषा में 'भई' को क्या कहते हैं–
   (अ) भाई (ब) भूमि (स) हुई (द) भुई
3. 'कांधे' का अर्थ होगा–
   (अ) कंधे पर (ब) बहुत सारे कंधे (स) कौन से अंधे (द) कहाँ–कहाँ के धंधे
4. 'कछु' का छत्तीसगढ़ी शब्दार्थ होगा–
   (अ) कुछ (ब) कुछू (स) कछुवा (द) काछु
5. 'दसा' का तत्सम रूप होगा–
   (अ) दश (ब) दशा (स) दास (द) दस
6. ब्रज भाषा के किन्हीं 5 कवियों के नाम लिखिए?
7. पाँच ऐसे शब्द लिखिए जो ब्रज–भाषा के हैं पर छत्तीसगढ़ी में भी उसी तरह प्रयोग में लाए जाते हैं?
8. काव्य में जब बार–बार एक ही वर्ण की आवृत्ति होती है तो वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। ऐसे 5 उदाहरण खोजकर लिखिए जहाँ अनुप्रास अलंकार हो।
9. बाल लीलाओं का वर्णन करने वाले सूर के पदों में कौन–सा रस है? सूर के ऐसे दो पदों को लिखिए।

**प्रदत्त कार्य–**

1. दो विश्व प्रसिद्ध काव्य–कृतियाँ हैं एक अवधी में लिखी गई है और एक 'ब्रज' भाषा में दोनों के नाम लिखो और उनकी समानताओं और असमानताओं को ध्यान में रखते हुए तुलना करो।
2. इन शब्दों को हिन्दी में लिखिए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आजु, | मेरौ, | जाउँगो, | लौं, | उराहनौ |
| तासौं, | कछु, | नाहिं, | पाँय, | भीत |

3. 'रस' क्या है? अपनी पसंद के 4 रसों के उदाहरण–स्वरूप काव्य पंक्तियाँ खोजकर लिखिए।

# पाठ- 19
# लौह पुरुष सरदार पटेल का व्यक्तित्व

**वस्तुनिष्ठप्रश्न –**

1. लौह पुरुष कहा जाता है–
   (अ) महात्मा गांधी को (ब) सरदार पटेल को
   (स) जवाहरलाल नेहरू को (द) लाल बहादुर शास्त्री को
2. लौह पुरुष कहा जाता है–
   (अ) जो निर्भीक, साहसी और दृढ़ निश्चयी हो (ब) जो लोहे का व्यापार करता हो
   (स) जो युद्ध भूमि में लोहा लेने जाता हो (द) जिसकी प्रतिमा लोहे की बनी हो
3. 'निपुणता' का अर्थ है–
   (अ) बिना पुण्य किए जीवन बिताना (ब) कार्य में कुशलता प्राप्त करना
   (स) बिना संतान के रहना (द) पुण्य न होने देना
4 'अधिपति' का शब्दार्थ है–
   (अ) स्वामी (ब) नौकर (स) बहुत से पति (द) रक्षा
5. 'निर्बलता' में उपसर्ग है–
   (अ) नि (ब) नी (स) निः (द) निर
6. कम बोलने वाले को कहते हैं–
   (अ) मितभाषी (ब) मृदुभाषी (स) मधुरभाषी (द) वाचाल
7. यदि किसी महिला को लौह महिला कहा जाए तो उसमें आप किन–किन गुणों की अपेक्षा करेंगे?
8. सरदार पटेल के व्यक्तित्व को केवल 10 पंक्तियों में लिखिए।
9. अपने जीवन में आए किसी व्यक्ति के बारे में लिखिए जिससे आपको प्रेरणा मिली है या वह आपको अच्छे लगते हैं, उनके उन गुणों के बारे में लिखिए जिनसे आप प्रभावित हुए हैं।
10. 'युद्ध–कौशल' से आप क्या समझते हैं? युद्ध–कौशल में क्या–क्या बातें शामिल होती हैं।
11. इन शब्दों को दो या तीन पंक्तियों में समझाइए। (टिप्पणी लिखिए)
   1. युद्ध–घोष 2. अलौकिक
   3. मंत्रिमंडल 4. राजनीतिज्ञ 5. स्वातंत्र्य–संग्राम
12. अपने क्षेत्र के किसी महापुरुष का जीवन परिचय लिखिए।

# पाठ- 20
# इब्राहीम गार्दी

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-**

1. 'ईश्वर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है–
   (अ) जगदीश (ब) भगवान (स) परमात्मा (द) जलधि
2. 'पराजय' शब्द में उपसर्ग है–
   (अ) पर (ब) परा (स) पारा (द) पार
3. 'क्या तुम मिठाई खाओगे' सही चिन्ह लगाकर वाक्य पूरा कीजिए–
   (अ) । (ब) ? (स) , (द) :–
4. 'साकार' शब्द का विलोम शब्द है–
   (अ) निरस (ब) कठिन (स) निराकार (द) आकार
5. 'उत्सव' शब्द का अर्थ है–
   (अ) रिवाज (ब) जश्न (स) आदेश (द) आवास
6. अच्छे नागरिक के कौन–कौन से कर्तव्य होते हैं?
7. आपके मित्र में कौन–कौन से ऐसे गुण हैं, जो आपको अच्छे लगते हैं?
8. अकबर ने जो धर्म चलाया था? उसका नाम था?
9. आप अपने धर्म के अलावा और कौन–कौन से धर्म का सम्मान करते हैं?
10. अपने मित्र से उसके धर्म के संबंध में जानकारी प्राप्त कीजिए। उसमें आपको क्या–क्या अच्छा लगता है? लिखिए।

**प्रदत्त कार्य–**

1. पानीपत का दूसरा युद्ध कब और किसके बीच हुआ?
2. पानीपत के कितने युद्ध हुए?

**सर्वे कार्य–**

1. पाँच मुस्लिम शासकों के नाम लिखिए।

**पोर्टफोलियों–**

1. शाहजहाँ, रजिया सुल्तान, अकबर का चित्र एकत्र कीजिए एवं अपने पोर्टफोलियो में चिपकाइए।

# पाठ- 21

# जो मैं नहीं बन सका

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. 'हास्य' का विलोम शब्द है–

(अ) रुदन/रोना (ब) चिढ़ाना

(स) खीजना (द) गुस्सा करना

2. 'उपलक्ष्य' शब्द का अर्थ है–

(अ) उसी बात से/निमित्त से (ब) उसी तरह

(स) उपाय (द) उचित

3. 'मैं' शब्द का बहुवचन है–

(अ) तुम (ब) हम

(स) सब द) हमारा

- **नीचे लिखे वाक्यों को पूरा कीजिए –**

1. दूसरे ................ दिन मैंने अपनी गाड़ी पकड़ ली।

(अ) पर (ब) साथ

(स) ही (द) भी

2. 'पहलवान' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी–

(अ) कमजोर (ब) पहलवानी

(स) ताकतवर (द) मेजबानी

3. पूरे गाँव में ................ लगा।

(अ) मेला (ब) मैला

(स) मैल (द) मेल

4. मोहन का अपने पड़ोसी के साथ ............... है।

(अ) बैर (ब) बैरी

(स) बेर (द) बेरी

5. ‘ओर’ तथा ‘और’ शब्द में मात्रा का अंतर है। ‘और’ का अर्थ यदि दूसरा एवं अधिक है तो ‘ओर’ शब्द का अर्थ है–

(अ) तरफ (ब) ओला

(स) ऊपर (द) उतरना

6. इसमें से सही शब्द चुनिए–

(अ) नोटकीं (ब) नौटंकी

(स) नौटंकि (द) नोटंकी

7. आप बड़े होकर क्या बनना चाहेंगे और क्यों?
8. क्या कोई काम छोटा या बड़ा होता है? यदि नहीं तो कैसे?
9. क्या आपने कभी कोई जादू का खेल देखा है? उनके बारे में लिखिए ?
10. जब आप कक्षा पाँच में थे, तब आप क्या बनने की सोचते थे? अब आप क्या सोचते हैं?

11. हमारे विचार लगातार क्यों बदलते रहते हैं?
12. यदि आपको किसी शाला का हेडमास्टर बना दिया जाए तो आप अपने विद्यालय में कौन–कौन से काम करेंगे।

**प्रदत्त कार्य –**

1. अपने गाँव/कस्बा/शहर के किसी भी मेले का वर्णन कीजिए।
2. अपनी पाठ्यपुस्तक में से कुछ पसंद के मुहावरे छाँटिए और उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

**पोर्टफोलियो –**

1. विभिन्न धंधों में लगे व्यक्तियों जैसे– जादूगर, व्यापारी, हेडमास्टर, चपरासी, मिठाई बेचने वाला आदि लोगों के चित्र अपनी फाइल में रखिए।

# पाठ- 22
# नदी का रास्ता

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-**

1. इनमें से‘कंदरा’ शब्द का अर्थ है–
   (अ) कंदमूल (ब) गुफा (स) कर्तव्य (द) कामयाब
2. ‘ढकेला था शिलाओं को‘ उसमें ‘शिलाओं’ का अर्थ है–
   (अ) बड़े–बड़े पत्थर (ब) बड़े–बड़े रास्ते (स) बडी–बड़ी गुफाएं (द) ऊँचे–ऊँचे पर्वत
3. ‘आत्मविश्वास’ का अर्थ है–
   (अ) अहंकार (ब) आत्मप्रशंसा (स) स्वयं पर विश्वास (द) आत्मदुर्दशा
4. ‘गति’ शब्द का विलोम शब्द है–
   (अ) विरल (ब) गगन (स) इति (द) यति
5. ‘स्वच्छंद’ का विलोम शब्द है–
   (अ) स्वतंत्र (ब) बंधनयुक्त (स) वीर (द) हवा
6. इनमें से ‘मार्ग’ का पर्यायवाची है–
   (अ) मंजिल (ब) साथ (स) राह (द) माला
7. ‘ठोकर लगाकर ठेलकर’ इस पंक्ति में अलंकार है–
   (अ) यमक (ब) अनुप्रास (स) श्लेष (द) उपमा
8. आपने बहती हुई कई नदियाँ देखी होंगी। यह बताइए कि जब नदी अपने रास्ते पर चलती है तब वह राह में आने वाली अनेक बाधाओं को पार कर आगे किस तरह से बढ़ती जाती है?
9. जब हम किसी मुसीबत या परेशानी में पड़ते हैं तब हम दूसरों का सहारा क्यों ढूँढते हैं?
10. किसी से सहारे की अपेक्षा करना क्या कोई गलत बात होती है? बताइए। यदि नहीं तो कैसे?
11. आपके गाँव/कस्बे या शहर के पास से बहने वाली नदी की कुछ विशेषताओं को लिखिए।
12. हमें नदियों को स्वच्छ क्यों रखना चाहिए?
13. ’नदी’ शब्द पर एक छोटी सी कविता जो आपको पसंद हो लिखिए।

**प्रदत्त कार्य –**

14. ’प्रकृति और पर्यावरण’ इस विषय पर अपने विचार लिखिए।
15. ’अपना मार्ग खुद ढूँढो’ इस विषय पर भी अपने विचार व्यक्त कीजिए। साथियों से भी चर्चा कीजिए।

**पोर्टफोलियों–**

नदी, गुफाएँ, खेत इस विषय पर छोटी–छोटी कविताएँ खोजिए और उन्हें अपनी फाइल में जमा कीजिए।

# पाठ- 23
# बरसात के पानी से भू-जल संग्रहण

1. नीचे लिखे शब्दों के अर्थ अपनी भाषा में लिखिए और उन शब्दों का प्रयोग अपने वाक्यों में करके लिखिए–

(अ) कीचड़ (ब) नाला
(स) लगातार (द) जगह (इ) एकत्र

- **सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए–**

1. इनमें से द्वंद्व समास का उदाहरण है–
(अ) कारखाना (ब) बरसात (स) पेड़–पौधे (द) अपनाकर
2. इनमें से चंद्रबिन्दु ( ँ ) लगाकर बनाया गया शब्द है–
(अ) झंडा (ब) नदी (स) गाँव (द) गड़बड़
3. 'धरती के नीचे ठोस चट्टान होती है।' इस वाक्य में ठोस शब्द है–
(अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम (स) कारक चिह्न (द) विशेषण
4. 'भू–जल' शब्द में भू का अर्थ है–
(अ) आसमान (ब) पेड़–पौधे (स) हवा (द) भूमि
5. यदि हम पानी का संरक्षण न करें, तो हमें भविष्य में किन–किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है? सोचकर अपनी भाषा में लिखिए।
6. आपके घर में पानी की बरबादी कैसे होती है? लिखिए।
7. आप अपने स्कूल में पानी बचाने के लिए अपने मित्रों/सहेलियों को क्या सुझाव देंगे? लिखिए।

**पोर्टफोलियो :–**

- एक 'सोखता गढ्ढा' का चित्र बनाइए। उसमें रंग भरकर अपने पोर्टफोलियो में रखिए।

**प्रदत्त कार्य–**

- आपके घर या आसपास में पानी की बरबादी कहाँ–कहाँ होती है? सूची बनाइए।

# पाठ- 24
# एक नई शुरुआत

**सही विकल्प चुनकर उसकी क्रम संख्या पर गोला लगाइए ।**

1. इनमें से बहुवचन वाले शब्द है–
   (अ) नाला, माला, काला — (ब) खाना, पीना, रोना
   (स) तालियाँ, नालियाँ, गालियाँ — (द) सुधीर, रमेश, हरीश
2. 'तर' और 'तम' जुड़कर बने शब्द हैं–
   (अ) गहराई, ऊँचाई — (ब) श्रेष्ठतर, श्रेष्ठतम
   (स) लड़कियाँ, खिडकियाँ — (द) परिवर्तन, हरि–कीर्तन
3. 'अक्खड़' विशेषण शब्द है। इसमें 'बाज' जोड़कर 'अक्खड़बाज' बना है। 'बाज' जुड़कर बना ऐसा ही एक शब्द है–
   (अ) दगाबाज — (ब) बाजीगर
   (स) बाजार — (द) बाजी
4. 'गहरा' शब्द से 'गहराई' बना है। इसी तरह का एक शब्द है–
   (अ) तिरछी — (ब) जोड़ी
   (स) राई — (द) चतुराई
5. 'श्रीकांत की बात पर सुधीर फटी–फटी आँखों से श्रीकांत को देखने लगा।' इस वाक्य में 'फटी–फटी आँखों से देखना' का अर्थ है–
   (अ) रोते हुए देखना — (ब) गुस्से से देखना
   (स) आश्चर्य चकित होकर देखना — (द) आँखें बंद कर लेना
6. आप अपने मित्रों / सहेलियों को जन्मदिन की बधाई कैसे देते हैं? लिखिए।
7. क्या आपने कभी अपने स्कूल में कोई बदमाशी की है? यदि हाँ तो कैसे? यदि नहीं तो क्यों नहीं?
8. सोचिए यदि आपको आपकी कक्षा का मॉनीटर बना दिया जाए तो आप अपनी कक्षा के किसी उद्दंड बच्चे को कैसे नियंत्रित करेंगे?
9. आपने अपना जन्मदिन अपने स्कूल में किस–किस को बताया है? उनका नाम लिखिए।

**पोर्टफोलियो–**

आपने देखा होगा कि जन्मदिन पर केक काटा जाता है। आप अपने जन्मदिन पर कैसा केक काटना चाहेंगे। चित्र बनाइए और उसे अपने पोर्टफोलियो में रखिए।

**प्रदत्त कार्य–**

आपको अपने किन–किन दोस्तों/सहेलियों के जन्मदिन पता हैं? लिखिए आप इनके जन्मदिन पर उन्हें बधाई कैसे देंगे लिखिए।

| दोस्त/सहेली का नाम | जन्मदिन |
| --- | --- |
| | |

# पाठ- 25
# विजय बेला

1. 'लिबास' शब्द का अर्थ है–
   (अ) चलाना (ब) परम्परा (स) पहनावा (द) रखवाना
2. 'छक्के छुड़ाना' मुहावरे का अर्थ है–
   (अ) हाल–चाल जानना (ब) कुछ न जानना (स) बुरा हाल कर देना (द) कुछ न करना
3. 'घोड़ा' शब्द का अर्थ है–
   (अ) दल (ब) घन (स) अश्व (द) भानु
4. 'मझधार' शब्द का अर्थ है–
   (अ) सामने में (ब) अंतिम में (स) बीच में (द) किनारे में
5. 'पाँचों उँगलियाँ बराबर नहीं होती'' लोकोक्ति का प्रयोग करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।
6. स्वतंत्रता–संग्राम में भाग लेने वाले किन्हीं दो व्यक्तियों/महापुरुषों के नाम लिखिए।
7. गंगानदी को पवित्र नदी माना जाता है, आप गंगा नदी के बारे में क्या जानते हैं? लिखिए।
8. महारानी लक्ष्मीबाई में कौन–कौन से साहसिक गुण थे? लिखिए।
9. आप महापुरुषों के जीवन के बारे में पढ़ते हैं, क्या आप भी उनके जैसा काम करना चाहते हैं? पाँच वाक्य लिखिए।
10. नाव में बैठकर सैर करने पर आप कैसा महसूस करते हैं? लिखिए।
11. आप तैरना जानते हैं। आपके मित्र को तैरना नहीं आता, वह नदी में डूब रहा है, उसको बचाने के लिए क्या करेंगे? लिखिए।
12. सैनिकों के कौन–कौन से कार्य हैं? लिखिए।

**प्रदत्त कार्य –**

- राजतिलक कब और किसका किया जाता है?

**सर्वे कार्य–**

पं. जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी, वीर नारायण सिंह, लोकमान्य तिलक के चित्र एकत्र कीजिए एवं उनके संबंध में 5–5 वाक्य लिखिए।

**पोर्टफोलियो –**

नदी के बीच में नाव का चित्र बनाकर अपने पोर्टफोलियो में चिपकाइए।

# पाठ- 26
## सिखावन

1. नीचे लिखे शब्दों के अर्थ अपनी भाषा में लिखिए–

| | |
|---|---|
| (अ) रास्ता | (ब) चींटी |
| (स) मित्र | (द) मीठा |

2. ''बड़ा हुआ सो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
पंथी को छाया नहीं, फल लागै अति दूर।।''

कबीर के इस दोहे को पढ़िए और नीचे प्रश्नों के सही उत्तरों के सामने सही का निशान लगाइए।

1. दोहे में कितने चरण होते हैं–

| | |
|---|---|
| (अ) एक | (ब) दो |
| (स) तीन | (द) चार |

2. दोहे की मात्राओं को गिनते हैं–

| | |
|---|---|
| (अ) गुरू–चेला | (ब) गुरू–शिष्य |
| (स) गुरू–गुरू | (द) गुरु–लघु |

3. 'दोहा' में 'गुरू' मात्रा के लिए चिह्न है–

| | |
|---|---|
| (अ) । | (ब) = |
| (स) 〃 | (द) ऽ |

4. यह दोहा किसका है–

| | |
|---|---|
| (अ) रहीम का | (ब) तुलसी का |
| (स) कबीर का | (द) घाघ का |

3. हमारे छत्तीसगढ़ में मित्र (मितान) और सहेली (भोजली) बनाने की विशेष प्रथा है। आपके क्षेत्र में मित्र या सहेली को क्या कहते हैं?

4. 'पेड़ को पुत्र के समान माना गया है।' पेड़ से होने वाले कोई पाँच लाभ लिखिए। अपनी भाषा में लिखिए

**पोर्टफोलियो –**

आपने कबीर, रहीम या तुलसी के दोहों को अवश्य सुना या पढ़ा होगा। इसमें से इनके दो–दोहों को लिखकर अपने पोर्टफोलियो में रखिए।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर**
**कक्षा – 8**

**पाठ – 4**
**आतिथ्य**

1. 1. (कठिन)
2. 1. (भले)
3. 1. (मार जाती)
4. 1. (बंद हो)
5. 1. (पहला)

**पाठ – 7**
**पचराही**

1. द. (कबीरधाम जिले में)
2. ग. (हॉप नदी के किनारे)
3. स. (संस्कृति एवं पुरातत्व)
4. ब. (सोमवंशी)
5. द. (बौद्ध)

**पाठ – 8**
**मिनी महात्मा**

1. 1. (चपातियाँ)
2. 2. (कभी न सुधरने वाला)
3. 1. (मनाई / मनाया)
   2. (फहराया / फहराई)
   3. (खाया / खायी)
4. 2. (बाँध)
5. 4. (आमदनी)
1. 1. (काँपना)
2. 3. (क्रोध)
3. 3. (ई)
4. 2. (पुताई)
5. 2. (वात्सल्य)

**पाठ – 9**
**अब्राहम लिंकन का पत्र**

1. 4. (मुसीबत)
2. 4. (हार)
3. 3. (ईमानदारी)
4. 3. (कम जानने वाला)
5. 3. (शर्म)

**पाठ – 10**
**चिड़िया**

अ. क्या
आ. मुक्ति–मंत्र
इ. पाप
ई. बेड़ी
उ. द्रोह

1. ब. (जाना गया / जिसके विषय में जानते हैं)
2. अ. (आजादी)
3. ब. (कबूतर)
4. ब. (कोयल)
5. अ. (जिसकी सीमा न हो)
6. अ. (घूमना–फिरना)
7. अ. (बिना डर के)
8. द. (देश के प्रति की गई दुश्मनी)
9. ब. (कैदी)
10. अ. (कौआ)
11. ब. (तोता)

**पाठ – 11**
**कुटुंबसर एवं अन्य गुफाएँ**

1. ग. (आना–जाना)
2. क. (निः आहार)
3. घ. (तत्पुरूष)
4. ख. (अप)
5. क. (ईन)
6. ग. (दोषी के साथ निर्दोष भी मारा जाता है)
5. ख. (गुणवाचक)

**पाठ – 12**
**प्रवास**

2. 1. (स्वावलंबी होना)

**पाठ – 14**
**मनुज को खोज निकालो**

6. बहुमूल्य
7. अंशु
8. मुनि
9. अमिय
10. शशांक

**पाठ – 17**
**दीदी की डायरी**

1. द. (संस्मरण–लेखन)
2. अ. (तिथि का उल्लेख)
3. द. (उसकी शिक्षा संबंधी योग्यता का)
4. स. (चुटकुला)
5. स. (विवाह करना)

**पाठ – 18**
**ब्रज माधुरी**

1. ब. (ब्रज)
2. स. (हुई)
3. अ. (कंधे पर)
4. अ. (कुछ)
5. ब. (दशा)

**पाठ – 19**
**लौह पुरूष सरदार पटेल का व्यक्तित्व**

1. ब. (सरदार पटेल को)
2. अ. (जो निर्भिक, साहसी और दृढ़ निश्चयी हो)
3. ब. (कार्य में कुशलता प्राप्त करना)
4. अ. (स्वामी)
5. स. (निः)
6. अ. (मितभाषी)

**पाठ – 20**
**इब्राहीम गार्दी**

1. द. (जलधि)
2. ब. (परा)
3. ब. (?)
4. स. (निराकार)
5. ब. (जश्न)

**पाठ – 21**
**जो मैं नहीं बन सका**

1. अ. (रूदन/रोना)
2. अ. (उसी बात से/निमित्त से)
3. ब. (हम)
1. स. (ही)
2. ब. (पहलवानी)
3. अ. (मेला)
4. अ. (बैर)
5. अ. (तरफ)
6. ब. (नौटंकी)

**पाठ – 22**
**नदी का रास्ता**

1. ब. (गुफा)
2. अ. (बड़े–बड़े पत्थर)
3. स. (स्वयं पर विश्वास)
4. द. (यति)
5. ब. (बंधनयुक्त)
6. स. (राह)
7. ब. (अनुप्रास)

**पाठ – 23**
**बरसात के पानी ले भू–जल संग्रहण**

1. स. (पेड़–पौधे)
2. स. (गाँव)
3. द. (विशेषण)
4. द. (भूमि)

**पाठ – 24**
**एक नई शुरूआत**

1. स. (तालियाँ, गालियाँ, नालियाँ)
2. ब. (श्रेष्ठतर, श्रेष्ठतम)
3. अ. (दगाबाज)
4. द. (चतुराई)
5. स. (आश्चर्य चकित होकर देखना)

**पाठ – 25**
**विजय बेला**

1. स. (पहनावा)
2. स. (बुरा हाल कर देना)
3. स. (अश्व)
4. स. (बीच में)

**पाठ – 25**
**सिखावन**

1. द. (चार)
2. द. (गुरू–लघु)
3. द. (5)
4. अ. (रहीम का)

# वार्षिक परीक्षा
## आदर्श उत्तर

कक्षा – आठवीं | विषय– हिंदी

प्रश्न 1: सही विकल्प चुनकर लिखिए

1) (स) गाय
2) (स) विवाह करना
3) (ब) ब्रज
4) (ब) सरदार पटेल को
5) (अ) स्वामी
6) (द) जलधि
7) (ब) जश्न
8) (स) अलंकार से
9) (अ) रोना
10) (ब) पहलवानी

प्रश्न 2: रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए

1) चार
2) अनुप्रास
3) भूमि
4) द्वंद्व
5) मेला

प्रश्न 3: संक्षिप्त में उत्तर लिखिए

1) मेरे मित्र का सबसे अच्छा गुण यह है कि वे मेरी बुराइयों से मुझे अवगत कराते रहते हैं और उसे दूर करने में मेरी मदद करते हैं। यही गुण मुझे अच्छे लगते हैं।
2) में अपने धर्म के अलावा मुस्लिम , सिख, इसाई , जैन, बौद्ध आदि धर्मों का सम्मान करता हूँ क्योंकि सभी धर्मों का उद्देश्य मानव कल्याण करना होता है।
3) सरदार वल्लभ भाई पटेल को लौह पुरूष इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे स्वभाव से दृढ़ निश्चयी, इरादे के पक्के थे।
4) ब्रज भाषा के प्रमुख दो कवियों के नाम है– सूरदास, पद्माकर
5) किसी बात पर बिना सोचे विचारे विश्वास कर लेना ही अंध विश्वास कहलाता है। जैसे– जादू–टोना, झाड़– फूँक आदि।

6) जल के चार महत्वपूर्ण उपयोग निम्न है–
दैनिक जीवन में उपयोग जैसे– स्नान करने, वस्तुओं के निर्माण में, खान–पीने में
सिंचाई के लिए
बिजली उत्पादन में
मतस्य पालन में आदि।

प्रश्न 4: दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1) कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। देश काल व परिस्थिति के अनुसार सभी का अपना महत्व होता है। क्योंकि जो काम छोटे लोग करते हैं वही बड़ों के काम आता है और बड़ों का काम छोटे लोगों के लिए आता है। सभी कामों का महत्व एक समान होता है।

2) भू–जल संरक्षण, बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण जल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इस समस्या के निवारण के लिए यह जरूरी हो गया है। भू–जल संरक्षण के द्वारा हम सिंचाई की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। वर्षा के जल को सोख्ता, वाटर शेड, नहर वा बाँध बनाकर भू–जल संरक्षण किया जा सकता है।

3) बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर घर–परिवार को सुख शांति की ओर ले जाया जा सकता है। नारी भी शिक्षित होकर पुरूषों से कदम से कदम मिलाकर राष्ट्र व समाज के प्रगति में योगदान दे सकती है। अतः महिला या बालिकाओं की शिक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

4) अपन चीज के पीरा का तात्पर्य है कि जिस चीज को हम अपनी मेहनत व पसीने बहाकर प्राप्त करते हैं उस पर हमारा विशेष लगाव हो जाता है, इसे अगर कोई नुकसान पहुँचाए तो हमें दुःख होता है। परंतु दूसरे की वस्तुओं से हमारा लगाव नहीं होने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ता।

# छमाही परीक्षा
## आदर्श उत्तर

सही विकल्प चुनकर लिखिए–

प्रश्न 1: (ब) विकास

प्रश्न 2: (अ) सनाथ

प्रश्न 3: (द) द्विगु

प्रश्न 4: (अ) वात्सल्य

प्रश्न 5: (अ) उपजाऊ

प्रश्न 6: (ब) पहाड़

प्रश्न 7: (अ) मारी जाती है

प्रश्न 8: (स) राजनीतिज्ञ

प्रश्न 9: (ब) स्वावलंबी होना

प्रश्न 10: (द) सत्+जन

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

प्रश्न 11: कठिन

प्रश्न 12: विनय

प्रश्न 13: मांस–मछली

प्रश्न 14: पुत्र

प्रश्न 15: जगदलपुर

संक्षेप में उत्तर लिखिए। (कोई 5)

प्रश्न 16: अरपा, पैरी, शिवनाथ, महानदी

प्रश्न 17:

- मनुष्य लालची स्वभाव के होते हैं, जबकि पक्षी लालची नहीं होते।
- पक्षी आपस में मिल जुलकर रहना पसंद करते हैं, जबकि मनुष्य एकल परिवार पसंद करते हैं।
- पक्षी में द्रोह की भावना नहीं होती, जबकि मनुष्य में छल, कपट ईर्ष्या की भावना पाई जाती है।

- मानव घमण्ड करते है, पक्षी घमंड नहीं करते।

प्रश्न 18:

- नियमित रूप से व्यायाम करना, दौड़ना, दंड बैठक करना
- नियमित रूप से पौष्टिक आहार लेना।
- ब्रह्मचर्य का पालन करना आदि।

प्रश्न 19:

- कुशल नेतृत्व क्षमता का गुण होना चाहिए।
- समाज व देश हित में कार्य करने का गुण होना चाहिए।
- ईमानदारी का गुण होना चाहिए।

प्रश्न 20:

- प्र + वास = प्रवास
- प्र + स्थान = प्रस्थान
- प्र + वचन = प्रवचन
- प्र + गति = प्रगति

प्रश्न 21: हाँ, मैं इस बात से सहमत हूँ क्योंकि नकल करके पास तो हो सकते हैं, परंतु यह ज्ञान वास्तविक जीवन में काम नहीं आता, इसलिए नकल करने से फेल होना बेहतर है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

प्रश्न 22: हम अपनी परीक्षा पास करने के लिए सबसे पहले समय का नियोजन करते हैं, समय सारणी बनाते हैं। नियमित रूप से पढ़ाई में ध्यान देते है। जो चीजें समझ में नहीं आतं उसके लिए अपने शिक्षकों से मार्ग दर्शन प्राप्त करते हैं। पढाई के दिनों में भोजन कम मात्रा में लेते हैं, जिससे नींद अधिक न आने पाए।

प्रश्न 23: आजादी का अर्थ है– बंधन से मुक्त अर्थात स्वतंत्र। आजादी का मतलब यह कदापि नहीं होता कि हम मनमानी करें। आजादी का वास्तविक अर्थ होता है भय मुक्त जीवन जीना। यदि भय के कारण हम अपनी स्वभाविक अभिव्यक्ति को प्रकट नहीं कर सकते तो यह आजादी नहीं कहलाएगी। संसार के प्रत्येक प्राणी को आजादी पसंद है और मुझे भी।

प्रश्न 24: धरती को उपजाऊ बनाने के लिए हमें कठिन परिश्रम करना होगा, मेहनत करके पसीने से धरती को सींचकर उपजाऊ बनाया जा सकता है ताकि हमारी धरती सदा ही हरी–भरी बनी रहे।

प्रश्न 25:

सिरपुर– छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल सिरपुर है। यह प्राचीन भारत का एक वैभावशाली नगर था। यह दक्षिण कोसल छत्तीसगढ़ का प्राचीन नाम की राजधानी श्रीपुर से विख्यात रहा हैं। यह महनदी के तट पर बसा हुआ है। प्रत्येक वर्ष यहाँ मेला लगता है। लक्ष्मण मंदिर देखने लायक है जो काफी पुराना है। यहाँ बौद्ध विहार के अवशेष मिले हैं।

राजिम– धार्मिक दृष्टि से यह नगर बहुत ही महत्वपूर्ण है। यहाँ भगवान राजीव लोचन का प्रसिद्ध मंदिर है। जहाँ हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने जाते हैं। प्रतिवर्ष यहाँ कुंभ का आयोजन होता है। साधु संत व नेता बड़ी संख्या में पहुँच कर कुंभ की शोभा बढ़ाते हैं। यह नगर भी महानदी के किनारे बसा हुआ है। इसे छत्तीसगढ़ का प्रयाग भी कहते हैं।

तुरतुरिया– छत्तीसगढ़ में तुरतुरिया प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण पर्यटन स्थल है। बारनवापारा अभ्यारण्य के पास मनोरम दृश्य देखने को मिलता है। यहाँ वाल्मीकि आश्रम देखने लायक है, जिसके समीप के जल प्रपात को गौ–मुख से प्रवाहित करते दिखाया गया है। लव–कुश की जन्म स्थली, नदी पहाड़ों से आच्छादित तुरतुरिया सभी के मन को मोह लेती है।